Download PDF from - JACBoardSolutions.com

JAC

पृष्ठों की कुल संख्या : 12
Total No. of pages : 12

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद

HNA

# CLASS IX ( TERM – I ) EXAMINATION, 2022

## ( Paper-I )

## हिन्दी - ( ए ) / HINDI - ( A )

## ( MCQ Type )

**समय :** 1 घंटा 30 मिनट
Time : 1 Hr. 30 Min.

**पूर्णांक** : 40
Full Marks : 40

**सामान्य निर्देश / GENERAL INSTRUCTIONS :**

1. सावधानी पूर्वक सभी विवरण OMR उत्तर पत्रक पर भरें।

   Carefully fill up the necessary particulars on the OMR Answer Sheet.

2. आप अपना पूरा हस्ताक्षर OMR उत्तर पत्रक में दी गई जगह पर करें ।

   Put your full signature on the OMR Answer Sheet in the space provided.

3. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 40 बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं ।

   There are 40 Multiple Choice Questions in this Question Booklet.

4. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न की अधिमानता 1 अंक की है । गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटा जाएगा।

   **All** questions are compulsory. Each question carries 1 mark. No marks will be deducted for wrong answer.

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



## खण्ड - क ( अपठित बोध )

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **1** से **5** तक के लिए सही विकल्प का चयन करें :

परिश्रम को सफलता की कुंजी माना गया है । जीवन में सफलता पुरुषार्थ से ही प्राप्त होती है । कहा भी है – उद्योगी पुरुष सिंह को लक्ष्मी वरण करती है । जो भाग्यवादी हैं, उन्हें कुछ नहीं मिलता । वे हाथ पर हाथ धरे रह जाते हैं । अवसर उनके सामने से निकल जाता है । भाग्य कठिन परिश्रम का ही दूसरा नाम है । प्रकृति को ही देखिए । सारे जड़-चेतन अपने कार्य में लगे रहते हैं । चींटी को भी पल भर चैन नहीं । मधुमक्खी जाने कितनी लंबी यात्रा कर बूँद-बूँद मधु जुटाती है । मुर्गे को सुबह बाँग लगानी ही है । फिर मनुष्य को बुद्धि मिली है, विवेक मिला है । वह निठल्ला बैठे तो सफलता की कामना करना व्यर्थ है ।

1. परिश्रम को सफलता की माना गया है

   (1) पूँजी (2) कुंजी

   (3) सूजी (4) परीक्षा

2. जीवन में सफलता किससे प्राप्त होती है ?

   (1) पुरुष से (2) अर्थ से

   (3) पुरुषार्थ से (4) अनर्थ से

3. उद्योगी पुरुष सिंह को कौन वरण करती है ?

   (1) सरस्वती (2) दुर्गा

   (3) पार्वती (4) लक्ष्मी

4. कैसा परिश्रम का दूसरा नाम भाग्य है ?

   (1) कठिन (2) सरल

   (3) सामान्य (4) साधारण

5. बुद्धि और विवेक किसको मिला है ?

   (1) दानव को (2) मानव को

   (3) पशु को (4) पक्षी को

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



**निर्देश :** प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **6** से **10** तक के लिए सही उत्तर का चयन करें :

हैं जनम लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता ।
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही सी चाँदनी है डालता ।

छेद कर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर वसन ।
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर,
भौंरे का है बेध देता श्याम तन ।

फूल लेकर तितलियों को गोद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला ।
निज सुगंधों से निराले ढंग से,
हैं सदा देता कली जी की खिला ।

है खटकता एक सबकी आँख में,
दूसरा है सोहता सुर-सीस पर ।
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे,
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर ।।

6. काँटा किसी की उंगलियों को क्या कर देता है ?

   (1) छेद   (2) भेद

   (3) मेद   (4) खेद

7. एक ही जगह में कौन-कौन जनम लेते हैं ?

   (1) फूल और पत्ते   (2) फूल और काँटे

   (3) फूल और फल   (4) फूल और कलियाँ

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



8. भौंरे का श्यांम तन कौन बेध देता है ?

(1) फूल (2) कलियाँ

(3) पत्ते (4) काँटे

9. तितलियों को गोद में कौन लेता है ?

(1) पत्ते (2) फल

(3) फूल (4) काँटे

10. सबकी आँख में कौन खटकता है ?

(1) फूल (2) काँटे

(3) फल (4) पत्ते

## खण्ड - ख ( व्याकरण )

11. 'सुपुत्र' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(1) सु (2) सू

(3) सुप (4) सुउ

12. 'अपनापन' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?

(1) आपन (2) पन

(3) न (4) अपन

13. 'सूर्य' का सही पर्यायवाची शब्द है

(1) दिनकर (2) निशाकर

(3) निशाचर (4) अवनि

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



14. 'मैं कहता हूँ' वाक्य में 'ने' परसर्ग के प्रयोग से कौन-सा परिवर्तन होगा ?

(1) मैंने कहता हूँ (2) मैंने कह रहा हूँ

(3) मैंने कहा है (4) मैंने कही है

15. 'कुल-कूल' शब्द-युग्म का सही अर्थ है

(1) योग - किनारा (2) योग - नारा

(3) योग - नारी (4) योग - योगी

16. 'परिश्रमी लड़के परीक्षा में सफल होते हैं ।' रचना के आधार पर वाक्य भेद बताएँ ।

(1) मिश्र (2) संयुक्त

(3) सरल (4) उपवाक्य

17. 'सूर्योदय हुआ और उजाला छा गया ।' रचना के आधार पर यह कौन-सा वाक्य है ?

(1) मिश्र (2) संयुक्त

(3) सरल (4) उपवाक्य

18. हर मनुष्य में ................ गुण होना चाहिए । ( 'मानव' का विशेषण बनाकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें । )

(1) मानवी (2) मानविय

(3) मानी (4) मानवीय

19. 'संतरा मीठा है ।' यह वाक्य किस विशेषण का उदाहरण है ?

(1) संख्यावाचक (2) परिमाणवाचक

(3) सार्वनामिक (4) गुणवाचक ।

20. 'नौ दो ग्यारह होना' मुहावरे का सही अर्थ है

(1) तेरह की गिनती (2) खड़े रहना

(3) भाग जाना (4) दौड़ते रहना

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



## खण्ड - ग ( पाठ्यपुस्तक )

**निर्देश :** प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **21** से **25** तक के लिए सही उत्तर का चयन करें :

मानसरोवर सुभर जल, हंसा केलि कराहिं ।
मुकताफल मुकता चुगैं, अब उड़ि अनत न जाहिं ।।
प्रेमी ढूँढ़त मैं फिरौं, प्रेमी मिले न कोइ ।
प्रेमी कौं प्रेमी मिलै, सब विष अमृत होइ ।।
हस्ती चढ़िए ज्ञान कौ, सहज दुलीचा डारि ।
स्वान रूप संसार है, भूँकन दे झख मारि ।।

21. प्रस्तुत पद्यांश के कवि कौन हैं ?

(1) तुलसीदास (2) सूरदास

(3) कबीरदास (4) रसखान

22. 'मानसरोवर' क्या है ?

(1) पर्वत (2) नदी

(3) झरना (4) झील

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



JAC

23. 'मुकताफल' का क्या अर्थ है ?

(1) मोती (2) मूँगा

(3) चाँदी (4) नीलम

24. 'प्रेमी' शब्द का प्रयोग हुआ है

(1) दो बार (2) तीन बार

(3) चार बार (4) पाँच बार

25. संसार किस रूप में है ?

(1) कुत्ता (2) बिल्ली

(3) खरगोश (4) घोड़ा

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें :

26. कबीर की रचनाओं का प्रामाणिक संग्रह कौन है ?

(1) साखियाँ (2) पद

(3) बीजक (4) कबीर रचनावली

27. कबीर कैसा संत थे ?

(1) संन्यासी (2) सद्गृहस्थ

(3) गृहस्थ (4) ब्रह्मचारी

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



28. कबीरदास किस काल के कवि थे ?

(1) रीतिकाल (2) भक्तिकाल

(3) आदिकाल (4) आधुनिक काल

29. 'सब स्वाँसों की स्वाँस में' पंक्ति का क्या अर्थ है ?

(1) ईश्वर का निवास कण-कण में है

(2) ईश्वर का निवास कहीं-कहीं है

(3) ईश्वर का निवास साँस में है

(4) ईश्वर कहीं नहीं हैं

30. 'पखापखी' का क्या अर्थ है ?

(1) लड़ाई-झगड़ा (2) सगुण-निर्गुण

(3) पक्ष-विपक्ष (4) सुखी-दुःखी

**निर्देश :** प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **31** से **35** तक के लिए सही उत्तर का चयन करें ।

दोनों मित्रों को जीवन में पहली बार ऐसा साबिका पड़ा कि सारा दिन बीत गया और खाने को एक तिनका भी न मिला । समझ ही में न आता था, यह कैसा स्वामी है । इससे तो गया फिर भी अच्छा था । यहाँ कई भैंसें थीं, कई बकरियाँ, कई घोड़े, कई गधे, पर किसी के सामने चारा न

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



था । सब ज़मीन पर मुरदों की तरह पड़े थे । कई तो इतने कमज़ोर हो गए थे कि खड़े भी न हो सकते थे । सारा दिन दोनों मित्र फाटक की ओर टकटकी लगाए ताकते रहे, पर कोई चारा लेकर आता न दिखाई दिया । तब दोनों ने दीवार की नमकीन मिट्टी चाटनी शुरू की, पर इससे क्या तृप्ति होती ?

31. प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ का है ?

(1) ल्हासा की ओर (2) दो बैलों की कथा

(3) साँवले सपनों की याद (4) प्रेमचन्द के फटे जूते

32. दोनों मित्र क्या थे ?

(1) बैल (2) गधा

(3) घोड़ा (4) भैंस

33. 'साबिका' का क्या अर्थ है ?

(1) घास (2) गन्ना

(3) सरोकार (4) सरकार

34. दोनों मित्रों को कहाँ बंद कर दिया गया था ?

(1) झोंपड़ी में (2) मकान में

(3) मचान में (4) कांजीहौस में

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



35. सारा दिन दोनों मित्र किधर टकटकी लगाए ताकते रहे ?

(1) फाटक की ओर (2) दीवार की ओर

(3) चबूतरे की ओर (4) मचान की ओर

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें :

36. तिब्बत में सबसे खतरे की जगहों को क्या कहा जाता है ?

(1) ठाढ़े (2) गाड़े

(3) भाड़े (4) डाँड़े

37. 'ल्हासा की ओर' किस प्रकार का पाठ है ?

(1) कहानी (2) निबंध

(3) यात्रा-वृत्तांत (4) एकांकी

38. लेखक के सहयात्री का नाम था

(1) कुमति (2) सुमति

(3) सुगति (4) तृप्ति

39. सालिम अली क्या थे ?

(1) नृविज्ञानी (2) मानव विज्ञानी

(3) पक्षी विज्ञानी (4) पशु विज्ञानी

Download PDF from - JACBoardSolutions.com



JAC

40. सालिम अली के एयरगन से कौन चिड़िया घायल होकर गिरी थी ?

(1) मैना (2) तोता

(3) कबूतर (4) गौरैया